>

Title: Need to construct a by-pass road in Kumher on Bharatpur-Palwal Highway.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय का ध्यान अपने क्षेत्र की एक समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहती हूं ।

माननीय अध्यक्ष: सभी माननीय सदस्य अब जीरो ऑवर में पढ़कर बोलना बंद करें । आप घर से ही दो-तीन बार पढ़कर आए, फिर बोलें । आप सभी माननीय सदस्य बिना पढ़े बोलने की कोशिश कीजिए । सिर्फ आज इसकी इजाजत दी जाती है ।

श्रीमती रंजीता कोली : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में भरतपुर से पलवल, वाया कुम्हेर, डीग, कामा राष्ट्रीय राजमार्ग का सर्वे हो चुका है । उक्त प्रस्तावित मार्ग पर मेरे लोक सभा क्षेत्र के कस्बा कुम्हेर में आये दिन जाम की समस्या उत्पन्न रहती है । इससे कस्बेवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । मेरा आपसे निवेदन है कि कस्बा कुम्हेर में जाम की समस्या से निजात पाने हेतु बाईपास का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है । मैं आपके संज्ञान में यह बात भी लाना चाहूंगी कि उक्त प्रस्तावित राजमार्ग में मेवात का काफी हिस्सा पड़ता है, जो विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है । उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग की मंजूरी से मेवात में भी विकास के द्वार खुलेंगे ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, भरतपुर-मथुरा सड़क पर ग्राम रारह स्थित राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम द्वारा निर्मित रेलवे ओवरब्रिज वर्तमान स्थिति में पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है । उक्त ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में आये दिन दुर्घटना होने का भय बना रहता है । मेरा आपसे निवेदन है कि रारह रेलवे ओवरब्रिज की जांच करवायी जाए । धन्यवाद ।